बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)

प०नि०वि० यांत्रिक कर्मशाला परिसर (पटना हवाई अड्डा के नजदीक), शेखपुरा, पटना–800014

दूरभाष नं० – 0612–2226711, वेबसाईट– www.bsrdcl.bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या– BSRDC Ltd.-21/2009(Part-7)/2017-192 पटना,

प्रबंधक (वित्त) एवं प्रबंधक (लेखा) के पद पर संविदा के आधार पर नियोजन हेतु विज्ञापन

बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड में प्रबंधक (वित्त) एवं प्रबंधक (लेखा) के पद पर **संविदा के आधार पर** नियोजन के लिये विहित प्रपत्र में सक्रिय, कर्मठ एवं योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। इस पद के लिए योग्यता/अर्हता एवं शर्त्तें निम्नवत हैं:–

क्र० सं०	पद का नाम	पद की संख्या	कुल प्रतिमाह परिलब्धि (रू०)			अधिकतम आयु (यथा 01.01.2024)	न्यूनतम योग्यता एवं अनुभव
			मूल वेतन	महंगाई भत्ता* (221 प्रतिशत)	कुल		
1	प्रबंधक (वित्त)	1 (अत्यंत पिछड़ा वर्ग)	20,000/–	44,200/–	64,200/–	45	CA/ICWA, 3 वर्ष के post qualification अनुभव के साथ
2	प्रबंधक (लेखा)	1 (अत्यंत पिछड़ा वर्ग)	20,000/–	44,200/–	64,200/–	45	CA/ICWA, 3 वर्ष के post qualification अनुभव के साथ

*महंगाई भत्ता षष्ठम अपुनरीक्षित वेतनमान हेतु राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित दर पर देय होगा

1. संविदा अवधि 1 वर्ष की होगी जिसमें प्रथम 3 (तीन) माह परीक्ष्यमान अवधि होगी। दक्षता, कार्यकुशलता, सामान्य व्यवहार एवं कॉरपोरेशन के आवश्यकतानुसार संविदा अवधि विस्तारित की जा सकती है।
2. कार्य संतोषजनक पाये जाने पर मूल वेतन में प्रतिवर्ष 3 प्रतिशत की वृद्धि कॉरपोरेशन के द्वारा की जा सकती है।
3. बिहार सरकार के नियमानुसार आरक्षण की नीति का अनुसरण किया जाएगा।
4. विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र के साथ सभी शैक्षणिक एवं अनुभव प्रमाण–पत्रों (Testimonials) की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति के साथ, कॉरपोरेशन के कार्यालय **बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०, प०नि०वि० यांत्रिक कर्मशाला परिसर, पटना हवाई अड्डा के नजदीक, शेखपुरा, पटना–800014** में दिनांक– 19/02/2024 को अपराह्न 05.00 बजे तक केवल निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि० के मुख्यालय में प्राप्त अभ्यावेदनों पर विचार नहीं किया जायगा।
5. लिफाफे के उपर विज्ञापन संख्या एवं जिस पद के लिए आवेदन किया जा रहा है उसका नाम स्पष्ट लिखा होना चाहिए।
6. आवेदन में उल्लिखित अनुभव की संपुश्टि हेतु पूरी अवधि के लिए नियोक्ता द्वारा निर्गत TDS Certificate/फार्म–16 अथवा सैलरी खाते का बैंक स्टेटमेंट आवेदन के साथ आवश्यक रूप से संलग्न किया जाय।
7. आवश्यकतानुसार शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर केवल Shortlisted अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा एवं/अथवा व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा तथा तदनुसार चयन किया जायगा।
8. आवेदन पत्र बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि० के वेबसाईट www.bsrdcl.bihar.gov.in से डाउनलोड कर दिनांक– 29/01/2024 से प्राप्त किया जा सकता है।
9. उक्त पदों के लिये नियोजन की प्रक्रिया को किसी भी समय बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि० के पास सुरक्षित होगा एवं इसके विरूद्ध कोई दावा मान्य नहीं होगा।

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

मुख्य महाप्रबंधक
बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०, पटना

PR- 016053 (B & C) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार